### अशोक नगर में संचालित कंपोजिट कन्या विद्यालय में किया गया आपके अखबार 'हिन्दुस्तान' के कार्यक्रम का आयोजन

# मस्ती की पाठशाला में उपहार पाकर झूमे बच्चे

आओ बांटें, खुशी के अनमोल पल
फुहार

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** मंच पाते ही छात्रों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ईशु, प्रिंस और कृष्णा ने 'झूमे जो पठान' गीत पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। उनकी इस प्रस्तुति ने दर्शकों के साथ मुख्य अतिथियों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। अशोक नगर स्थित संचालित कंपोजिट कन्या विद्यालय में सोमवार को ऐसा नजारा देखने को मिला, जो हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर गया।

कार्यक्रम का आयोजन आपके अखबार 'हिन्दुस्तान' की टीम द्वारा 'फुहार' के तहत किया गया। इसमें मस्ती और उपहारों का अनोखा संगम देखने को मिला। बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिनसे उन्होंने सभी का दिल जीत लिया। रोजमर्रा की जिंदगी से अलग इस आयोजन ने स्कूल में खुशियों की फुहार बिखेरी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौंड ने किया। उन्होंने कहा कि 'हिन्दुस्तान' अखबार का यह प्रयास सराहनीय है। यह न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर करने का माध्यम बना, बल्कि उन्हें जरूरी उपहार भी भेंट किए गए। उन्होंने सरकारी स्कूलों में इस तरह के आयोजनों की प्रशंसा की। दोपहर मध्यान्ह भोजन के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने जमकर आनंद लिया। स्कूल परिसर बच्चों की हंसी और खुशियों से गूंज उठा। ऐसे आयोजन न केवल बच्चों के लिए प्रेरणादायक होते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

**नृत्य में बच्चों की शानदार प्रस्तुति :** बच्चों ने मंच पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत-संगीत और नृत्य से दर्शक भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। आपके अखबार हिन्दुस्तान की ओर से बच्चों को गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री भेंट की गई। इस दौरान छात्रों ने हिन्दुस्तान टीम के साथ अपने खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए।


सोमवार को हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित 'फुहार' कार्यक्रम में कंपोजिट कन्या विद्यालय की छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि।




सोमवार को आयोजित फुहार कार्यक्रम में कंपोजिट कन्या विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मंच पर शानदार प्रस्तुति दी।

## नृत्य में छात्रों का हुनर दिखा

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले इन छात्र-छात्राओं का हुनर देखने लायक था। भले ही मंच पर उनके कपड़े साधारण थे, लेकिन उनकी प्रस्तुति किसी पेशेवर कलाकार से कम नहीं थी। गाने के बोलों और नृत्य की भाग-भंगिमा ने सभी को हैरान कर दिया। छात्रा भावना ने चूड़ी जो खनकी हाथ में, योगिता और क्षमा ने राधा तेरा छल्ला, प्रिंस ने सोने के बाद सारी दुनिया अपनी और ईश, कृष्णा, देव ने झूमे तो पठान पर नृत्य किया। उनकी प्रस्तुति को देखकर अतिथि खड़े होकर तालियां बजाने को मजबूर हो गए। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने नृत्य कहां से सीखा, तो ईशु ने जवाब दिया, मैंने खुद से सीखा और कृष्ण और देव ने कहा, इन्हें देखकर हम भी डांसर बन गए।

**100** से अधिक छात्र-छात्राओं ने की मस्ती

### हिन्दुस्तान का प्रयास

फुहार कार्यक्रम के तहत हिन्दुस्तान की टीम ने छात्र-छात्राओं के साथ लगभग तीन घंटे समय बिताया। टीम ने छात्रों से बात-चीत कर उनकी जरूरतों को समझा और उन्हें पूरा करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने हिन्दुस्तान की इस पहल की सराहना की और कहा कि छात्रों को भविष्य में आवश्यक सामग्री मुहैया कराई जाएगी। अतिथियों के अनुसार, यह पहल काबिले तारीफ है। छात्रों ने मुस्कराते हुए हिन्दुस्तान टीम का धन्यवाद किया।

### बच्चों को किया पुस्कृत

जहां सभी बच्चों को गर्म जैकेट भेंट की गई। वहीं प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अतिथियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इनका रहा सहयोग

फुहार में स्टोनमैन, गुप्ता एचसी ओवरसीज, कालेश्वरी पावर प्रोडक्ट्स, बालाजी प्रोपर्टी आर्केड, डॉ. नरेश शर्मा, आगरा पायल्स, साइंटिफिक पैथलॉजी, डॉ. राजीव अग्रवाल, कलसी इनिशिएटिव, शिवालिक स्कूल, द इंटरनेशनल स्कूल आगरा, मुंशी पन्ना मसाले, डॉ. उमेश कुमार गर्ग, सनफ्लावर पब्लिक स्कूल, गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीनिकल पैथलॉजी लैब, बलूनी पब्लिक स्कूल, गायत्री पब्लिक स्कूल, फूडटेक कंसल्टस प्रा लि., प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल, मनोरम ऑटोज, पायल पैकर्स एंड मूवर्स, माही इंटरनेशनल स्कूल, जेजे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, आगरा नैफ्रो-यूरोलॉजी सेंटर, डॉ. विजय किशोर बंसल और डॉ. डीबी शर्मा।

**ये रहे उपस्थित :** आगरा पायल्स रजि. से ब्रज मोहन रैपुरिया, कलसी इनिशिएटिव से प्रवीन कुमार, शिवालिक स्कूल से डॉ. एसएस यादव, द इंटरनेशनल स्कूल आगरा से ज्योति जैन, गणपति इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से नेहल अग्रवाल, क्लीनिकल पैथोलॉजी लैब से डॉ. अर्पित अग्रवाल, गायत्री पब्लिक स्कूल से प्रद्युम्न चतुर्वेदी।

## इनका कहना

### फुहार काबिले तारीफ


हिन्दुस्तान अखबार का फुहार कार्यक्रम काबिले तारीफ है। सरकारी स्कूलों के बच्चों की प्रतिभा को देखकर मानना पड़ेगा। लोग ऐसे बच्चों का सहयोग करें।
**डा. अशोक शर्मा,** एमडी साइंटिफिक पैथोलॉजी

### गुदड़ी में ही लाल छिपे


बच्चों की प्रतिभा देखकर हैरान हूं। हिन्दुस्तान अखबार की बेहतर पहल है। ऐसे कार्यक्रमों से शहर के बुद्धिजीवियों को जुड़ना चाहिए। आज के बच्चे समझदार हैं। गुदड़ी में ही लाल छिपे होते हैं।
**दीपक चौहान,** एचआर हेड स्टोनमैन

### बच्चे परचम लहराएं


हिन्दुस्तान अखबार के साथ मिलकर एक छोटा सा प्रयास है जरुरतमंद बच्चों की मदद का। आज मैंने बच्चों की प्रतिभा देखी तो मुझे लगता है कि ऐसे बच्चों का अधिकार है कि अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं।
**गोपाल गुप्ता,** गुप्ता ओवरसीज

### आगे आएं, कदम बढ़ाएं


हिन्दुस्तान अखबार की इस पहल को मैं सलाम करता हूं। यह हम लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि हम जरुरतमंद बच्चों के लिए आगे आएं और मिलकर कदम बढ़ाएं।
**मनीष मित्तल,** निदेशक कालेश्वरी पावर प्रॉडक्ट प्रा लि

### अखबार ने दिया मौका


आज यहां बच्चों की प्रतिभा को देखकर मुझे लगा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर होने चाहिए। हिन्दुस्तान अखबार की पहल से एक मौका मिला। हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। **रिंकेश अग्रवाल,** निदेशक, बालाजी प्रॉपर्टी आर्केड

### प्रयासों का प्रचार भी हो


हिन्दुस्तान अखबार लगातार ऐसा प्रयास करता है। जिससे सामाजिक सरोकार जुड़ा रहता है। ऐसे प्रयासों का प्रचार प्रसार होना चाहिए। बहुत लोग हैं जो जरुरतमंद बच्चों के लिए कुछ करना चाहते हैं।
**डा. नरेश शर्मा,** न्यूरो फिजीशियन

### सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए


हिन्दुस्तान की ओर से आयोजित फुहार कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। जरूरतमंद बच्चों को खुशियां बांटना बेहतर प्रयास है। सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम से और भी लोग जागरूक होंगे। जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा व अन्य कार्यों के लिए सहयोग करेंगे। **जितेंद्र कुमार,** बीएसए


उत्तम इंस्टीट्यूट में आयोजित सेमिनार के दौरान जानकारी देते विशेषज्ञ।

## गणितीय तकनीकों के प्रयोग से सुधारें प्रबंधकीय कौशल

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सोमवार को एमबीए के छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। गणितीय तकनीकों के माध्यम से प्रबंधकीय कौशल में सुधार विषय पर आयोजित सेमिनार में डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के डीन अकादमिक प्रो. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को गणितीय तकनीकों के इस्तेमाल के बारे में समझाया।

प्रो. कुमार ने बताया कि कि आज के समय में गणित विषय से भागने की नहीं जुड़ने की जरूरत है। आज मेडिकल, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, योग आदि सभी क्षेत्रों में गणित का उपयोग करके विभिन्न कार्यों में सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रबंधन के क्षेत्र में कैरियर बनाने वाले छात्रों के लिए मेटलेब, टैली, एसपीएसएस, माइक्रोसॉफ्ट एक्सल जैसे कई सॉफ्टवेयर मार्केट में उपलब्ध हैं, जिनमें गणितीय तकनीकों का इस्तेमाल करके मैनेजर अपनी कंपनी की उन्नति में भागीदार बन सकता है। इस मौके पर चेयरमैन संजीव कुमार सिंह, डॉ. मुकेश कुलश्रेष्ठ, को-चेयरमैन सुबोध कुमार सिंह और धीरज सिंह, प्राचार्य डॉ. नीरज जैन, डीन डॉ. डीके गुप्ता, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डॉ. जितिन सहगल आदि रहे।

## पांचवीं वर्षगांठ पर हाथी रामू को मिली लजीज दावत

**आगरा।** वाइल्डलाइफ एसओएस केंद्र मथुरा में 2019 में लाए गए हाथी रामू ने पांच साल पूरे कर लिए हैं। 19 साल की उम्र में लाए गए रामू को गंभीर दर्द और कुपोषण का सामना करना पड़ा था। वह झारखंड के चिड़ियाघर में फ्रैक्चर और आस्टियोआर्थराइटिस से जूझ रहा था। मथुरा में उसे लेजर थेरेपी और दवाइयां दी गईं। अब वह पहले से बेहतर है। सोमवार को उसकी पांचवीं वर्षगांठ पर उसे फलों और चावल के केक की दावत दी गई। अधिकारियों ने उसकी बहादुरी की सराहना की।



हाथी रामू ने केंद्र में पूरे किए पांच साल।

## दो केंद्रों पर करा रहे थे बोल-बोलकर नकल, विवि ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**परीक्षा**

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की सेमेस्टर परीक्षा में केंद्र बनाए गए कॉलेजों में छात्रों को बोल-बोलकर नकल करायी जा रही है। सोमवार को विवि के सचल दल ने दो केंद्रों पर ऐसी स्थिति पकड़ी। इसके बाद विवि ने दोनों केंद्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। दोनों कॉलेज फिरोजाबाद जनपद के हैं। विवि को अन्य जनपदों के लिए बनाए गए कोऑर्डिनेटर से रिपोर्ट नहीं मिली है।

बता दें कि विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर संचालित पाठ्यक्रमों की परीक्षा 21 नवंबर से शुरू करायी गई थी। शुरुआती दिनों में केंद्र बदलने के फेर में विवि फंस गया। इसके चलते परीक्षा की निगरानी और निरीक्षण के लिए सचल दल गए ही नहीं। सोमवार से बड़ी परीक्षा शुरू हो गयी। इसी के चलते सभी जनपदों में नामित किए गए सचल दल प्रभारियों ने टीम भेजी। इसमें फिरोजाबाद में गए सचल दल ने दो केंद्रों पर सामूहिक नकल जैसे हालत पकड़े। श्री महिपाल सिंह कॉलेज और मेजर रामवीर सिंह कॉलेज में ओएमआर पर एक जैसी स्थिति पायी। आशंका जतायी गयी कि केंद्र पर छात्रों को बोल-बोलकर नकल करायी जा रही थी। दल ने अपनी रिपोर्ट में नकल कराने की बात बताई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश के अनुसार सचल दलों की ओर से रिपोर्ट मिली है। औचक निरीक्षण में फिरोजाबाद के दो महाविद्यालयों पर स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। ऐसे में दोनों केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्ति किए जा रहे हैं। अब आगे की सभी परीक्षाएं पर्यवेक्षक की निगरानी में करायी जाएंगी। उनके अनुसार अन्य कोऑर्डिनेटर से रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



### पारिश्रमिक नहीं मिला तो परीक्षा का बहिष्कार

**आगरा।** आगरा कॉलेज के कर्मचारी संघ ने पारिश्रमिक न मिलने पर परीक्षा के बहिष्कार की चेतावनी दी है। प्राचार्य को पत्र लिखकर पिछले वर्षों का उनका पारिश्रमिक सात दिन में देने की मांग की है। कहा है कि ऐसा न होने पर परीक्षा में सहयोग करना बंद कर दिया जाएगा। संगठन की ओर से कहा गया है कि महाविद्यालय में पिछले छह-सात वर्षों से विवि परीक्षाएं हो रही हैं। इनका मानदेय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्राप्त नहीं हुआ है। पिछले तीन साल से कर्मचारी भुगतान को लेकर वार्ता कर रहे हैं, लेकिन उन्हें भुगतान नहीं हो रहा है। जबकि विवि द्वारा परीक्षा शुरू होने से पहले ही महाविद्यालय में परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए अग्रिम धनराशि भेजी जाती है। इसमें शिक्षणेत्तर कर्मचारी का पारिश्रमिक होता है। संगठन की ओर कहा गया है कि यदि पारिश्रमिक सात दिन के अंदर नहीं मिला तो शिक्षणेत्तर कर्मचारी परीक्षा कार्य बहिष्कार को बाध्य होंगे।

## शहर 30s


जीआर कॉस्मिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेल दिवस पर विजेता व अतिथि।

### स्कूल में मनाया गया खेल दिवस

**आगरा।** जीआर कॉस्मिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को प्रधानाचार्य विजया कटारा की देखरेख में खेल दिवस मनाया गया। मंजू भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दर्शकों के मनोरंजन के लिए रंगारंग कार्यक्रम भी बच्चों ने पेश किया। परिणाम में ब्लू हाउस प्रथम , येलो हाउस द्वितीय श्रेणी में रहा। बास्केटबॉल 400 मीटर दौड़ में विजय प्रथम, विक्रम द्वितीय, रोहित तृतीय रहे।


श्रीराम सेंटेनियल स्कूल के वार्षिकोत्सव में शिवोहम थीम पर प्रस्तुति देते बच्चे।

### छात्रों ने गीत व मनमोहक नृत्य की दी प्रस्तुति

**आगरा।** श्री राम सेंटेनियल स्कूल दयालबाग के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सोमवार को हुआ। नर्सरी और कक्षा एक के वार्षिकोत्सव का आयोजन शिवोहम थीम पर किया गया। शुभारंभ चेयरमैन डॉ. सुबोध कुमार गुप्ता, चेयरपर्सन सत्यवती गुप्ता, मुख्य अतिथि योगेश पुरी, प्रधानाचार्य मोनिका सहगल ने किया। छात्रों ने आकर्षक श्रृंगार और गीतों को मनमोहक नृत्य संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यकारी निदेशक अनुराधा कुमार, प्रधानाचार्य जूनियर विंग दीपा आर्या आदि रहे।

### सरकार के निर्णय का किया स्वागत

**आगरा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने व्यापारियों पर बकाया टैक्स पर ब्याज व पेनल्टी माफ करने के प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। अग्रवाल ने प्रदेश सरकार से जीएसटी की अन्य जटिलताओं को भी इसी प्रकार समाप्त करने की मांग की। इन्होंने कहा कि अभी अनेकों ऐसी जटिलताएं हैं, जिससे जीएसटी व्यापारियों के लिए एक अभिशाप बना हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष निधि अग्रवाल, जिला अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शिव बहादुर सिंह, राकेश यादव आदि ने भी सराहा।

### सबजूनियर बैडमिंटन ट्रायल 29 को

**आगरा।** नोएडा में चार से छह दिसंबर तक प्रदेशीय समन्वय सबजूनियर बालक-बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली आगरा मंडल की टीम का जिलास्तरीय ट्रायल 29 नवंबर को सुबह 11 बजे से एकलव्य स्टेडियम में होगा। ट्रायल में वही बालक-बालिका प्रतिभाग कर सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी 2010 या उसके बाद हुआ हो।

### बच्चों के लिए कार्निवाल 30 नवंबर को

**आगरा।** आरोही सामाजिक संस्था की ओर से कमला नगर स्थित एसएस कान्वेंट स्कूल के संयोजन में कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को आयोजकों ने पोस्टर का विमोचन किया। प्रबन्धक मनीष गुप्ता ने बताया कि बच्चों के लिए 30 नवंबर को स्कूल परिसर में एसएस कार्निवाल 2.0 का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान आरोही संस्था के अध्यक्ष अमित तिवारी, निर्देशक तृप्ति गुप्ता, प्रधानाचार्य अनुज भाटिया, हरिस्वरूप शर्मा, आकाश सिंह आदि रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

## खेलकूद में सेंट लॉरेंस हाउस अव्वल

▪ सेंट पीटर्स कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक खेलकूद दिवस

**आगरा।** सेंट पीटर्स कॉलेज का वार्षिक खेलकूद दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी और पैरालंपिक पदक विजेता वरुण सिंह भाटी, विशिष्ट अतिथि डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय और एडी बेसिक ऐश्वर्य लक्ष्मी थीं। अध्यक्षता आर्चबिशप डॉ. राफी मंजली ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधानाचार्य डॉ. ऑल्विन पिंटो ने किया।

समारोह की शुरुआत सामूहिक प्रार्थना नृत्य से हुई। इसके बाद विभिन्न खेलकूद स्पर्धाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 1 और 2 के बच्चों की फ्लोरा एंड फॉना रेस में सार्थक शर्मा, प्रबल गुप्ता, दिव्यांश नीलमणि और अर्जुन कुमार ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य स्पर्धाओं में भी बच्चों ने पदक जीते। मुख्य अतिथि वरुण सिंह भाटी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के आधार पर सेंट लॉरेंस हाउस ने पहला, सेंट पॉल्स हाउस ने दूसरा और सेंट पीटर्स हाउस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ओल्ड बॉयज रेस में सक्षम ने पहला, शौर्य गुप्ता ने दूसरा और हर्ष महाजन ने तीसरा स्थान हासिल किया। रस्साकशी में सेंट पीटर्स हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं कौशलेन्द्र सिंह चौहान ने संभालीं।


सेंट पीटर्स कॉलेज के एनुअल स्पोर्ट्स डे पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी और अन्य।

### स्पार्टन ब्रिगेड बनी एचपीएल की विजेता

**आगरा।** सोमवार को एचपीएल सीजन-2 का फाइनल द हीरा हरिकेंस और स्पार्टन ब्रिगेड के बीच खेला गया। स्पार्टन ब्रिगेड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 289 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। द हीरा हरिकेंस टीम 20 ओवर में 192 रन ही बना सकी। बॉबी को मैन ऑफ द मैच, सचिन चौधरी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।


एचपीएल सीजन-2 की विजेता टीम ट्रॉफी के साथ खुशी जताते हुए।

## वाणिज्य व टीआरडी विभाग को मिली जीत

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** आगरा कैंट स्थित गोवर्धन स्टेडियम में खेले जा रहे तृतीय डीआरएम कप अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को वाणिज्य विभाग और टीआरडी विभाग ने अपने-अपने मैच जीते। वाणिज्य विभाग की जीत में सतेन्द्र तोमर और टीआरडी विभाग की जीत में मंगल का विशेष योगदान रहा। दोनों को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मंडल खेलकूद सचिव धीरज शर्मा ने बताया कि पहला मैच वाणिज्य एवं लेखा विभाग के मध्य खेला गया। लेखा विभाग की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12.1 ओवर में 45 रन पर ऑलआउट हो गई। वाणिज्य टीम ने 5.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चिकित्सा विभाग की टीम 11.1 ओवर में 45 रन पर आउट हो गई। टीआरडी विभाग की टीम ने 5.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। नीरज सिंह, संदीप शुक्ल आदि रहे।


सतेन्द्र तोमर को दिया गया पुरस्कार।